
Google | YouTube


ज़्यादा सुरक्षित डिजिटल दुनिया: कोशिश हमारी, चॉइस आपकी



यह एक गाइड है. इसमें Google और YouTube के उन फ़ीचर को सेट अप करने का तरीका बताया गया है जिनसे बच्चों को इंटरनेट पर सुरक्षित रखने में मदद मिलती है.

DigiKavach
Making India Safer with Google


Family Link



Family Link माता-पिता के लिए एक ऐसा ज़रूरी टूल है जिनसे उन्हें अपने बच्चों को इंटरनेट पर, ज़्यादा सुरक्षित अनुभव देने में मदद मिलती है. यही नहीं, बच्चों के साथ मिलकर अच्छी डिजिटल आदतें डालना भी आसान हो जाता है. यह टूल, टेक्नोलॉजी को लेकर आपके परिवार की पसंद का पूरा ध्यान रखता है और इसे इस्तेमाल करना भी आसान है. इनसे यह भी समझने में मदद मिलती है कि आपका बच्चा डिवाइस पर क्या-क्या कर रहा है.

सेट अप करने का तरीका

अपने Android डिवाइस पर **Family Link** ऐप डाउनलोड करें और माता-पिता के अकाउंट को बच्चे के अकाउंट से लिंक करें. इसके बाद, अपने हिसाब से सेटिंग चुनें:



01


ऐप्लिकेशन में सबसे ऊपर बाईं तरफ़, अपने बच्चे का अकाउंट चुनें. इसके बाद डिजिटल लिमिट सेट करने के लिए, **'टाइम लिमिट'** पर टैप करके, **'डेली लिमिट'** या **'ब्लॉक ऐप'** की सेटिंग को चालू करें

02

मैप पर अपने बच्चे के डिवाइस की लोकेशन आसानी से देखने के लिए, **'लोकेशन'** पर टैप करें और **'सेट अप लोकेशन'** चुनें. इसके बाद, 'नेक्स्ट' पर टैप करें और **'टर्न ऑन'** सिलेक्ट करें.

यहां दिखाया गया यूआई बस जानकारी देने के लिए है. असल में इस्तेमाल करने पर यह अलग दिख सकता है.


Shorts feed limit on YouTube



YouTube में मौजूद 'Shorts फ़ीड लिमिट' फ़ीचर से यह तय किया जा सकता है कि आपके बच्चे रोज़ कितनी देर YouTube में शॉर्ट वीडियो देख सकते हैं. इस लिमिट को ज़ीरो पर भी सेट करने का ऑप्शन है यानी कोई शॉर्ट वीडियो नहीं दिखेगा. **इंडस्ट्री में यह इस तरह की पहली सुविधा है.** इसे सेट अप करने के तीन आसान स्टेप नीचे देखें.

सेट अप करने का तरीका

अपने YouTube ऐप्लिकेशन से बच्चे की
स्क्रोलिंग की आदतें मैनेज करें



01

YouTube ऐप्लिकेशन में, सेटिंग्स में जाएं और **'फैमिली सेंटर'** चुनें

02


अपने बच्चे का अकाउंट चुनें और **'टाइम मैनेजमेंट'** पर टैप करें

03

Shorts फ़ीड की डेली लिमिट सेट करें या **'0 मिनट'** चुनकर इसे पूरी तरह बंद करें

यहां दिखाया गया यूआई बस जानकारी देने के लिए है. असल में इस्तेमाल करने पर यह अलग दिख सकता है.


Android Parental Controls



Android Parental Controls, माता-पिता के लिए बच्चों के डिवाइस पर डिजिटल लिमिट सेट करने की सुविधा देते हैं. इससे माता-पिता बच्चों के लिए, डेली स्क्रीन टाइम और ऐप्लिकेशन इस्तेमाल करने की लिमिट लगा सकते हैं. साथ ही, Chrome और Search के लिए वेब कॉन्टेंट का फ़िल्टर भी लगा सकते हैं. ये सभी सेटिंग पिन से पूरी तरह लॉक रहती हैं और बच्चे उन्हें बदल नहीं सकते.

सेट अप करने का तरीका

Android की सेटिंग में जाकर, **'पैरंटल कंट्रोल'** पर टैप करें. डिवाइस की निगरानी करने के लिए, चार अंकों का पिन सेट करें और अपने हिसाब से लिमिट सेट करें:



01

'डेली लिमिट' पर टैप करके तय करें कि डिवाइस को, रोज़ ज़्यादा से ज़्यादा कितनी देर तक इस्तेमाल किया जा सकता है

02

चुनिंदा ऐप्लिकेशन पर डेली टाइम लिमिट लगाने के लिए, **'ऐप लिमिट'** पर टैप करें


03

डिवाइस को लॉक रखने का टाइम सेट करने के लिए, **'डाउनटाइम'** फ़ीचर चालू करें. जैसे, उनके स्कूल जाने या सोने के दौरान

यहां दिखाया गया यूआई बस जानकारी देने के लिए है. असल में इस्तेमाल करने पर यह अलग दिख सकता है.

सेट अप करने का तरीका

Android की सेटिंग में जाकर, **'पैरंटल कंट्रोल'** पर टैप करें. डिवाइस की निगरानी करने के लिए, चार अंकों का पिन सेट करें और अपने हिसाब से लिमिट सेट करें:



04


'ऐप स्टोर फ़िल्टर' बटन पर टैप करें और वह कॉन्टेंट चुनें जिस पर आपको रोक लगानी है

05

Search नतीजों में आपत्तिजनक कॉन्टेंट को फ़िल्टर करें और चुनिंदा वेबसाइट पर रोक लगाने के लिए, **'वेब कॉन्टेंट फ़िल्टर'** पर टैप करें

यहां दिखाया गया यूआई बस जानकारी देने के लिए है. असल में इस्तेमाल करने पर यह अलग दिख सकता है.


SafeSearch



SafeSearch, बच्चों के लिए आपत्तिजनक कॉन्टेंट को Google Search पर अपने-आप फ़िल्टर कर देता है. इससे, इंटरनेट पर सर्च करना बच्चों के लिए ज़्यादा सुरक्षित हो जाता है.

सेट अप करने का तरीका

बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से सही सर्च नतीजे दिखें,
इसके लिए सीधे अपने डिवाइस से सेटिंग बदलें



01

Google ऐप में अपनी प्रोफ़ाइल फ़ोटो पर टैप करें और **'SafeSearch'** चुनें

02

आपके पास आपत्तिजनक कॉन्टेंट से जुड़े तीन ऑप्शन होते हैं: **ब्लर** करना, **फ़िल्टर** करना, और उसे **ऑफ़** करना.

03

अब Search के नतीजों में आपत्तिजनक कॉन्टेंट नहीं दिखेगा

यहां दिखाया गया यूआई बस जानकारी देने के लिए है. असल में इस्तेमाल करने पर यह अलग दिख सकता है.

Google | YouTube

बच्चों के लिए इंटरनेट,
अब और भी सुरक्षित

DigiKavach
Making India Safer with Google